कोड-001

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- दसवीं | विषय - हिन्दी

CGboardonline.com

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 75

---

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के दो खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 16 से 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है

प्रश्न क्र. 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक में 8 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) 'मुरैठा' शब्द का अर्थ है ।

(अ) गमछा (ब) धोती (स) साड़ी (द) पगड़ी

(2) पावस शब्द का अर्थ है ।

(अ) ग्रीष्म ऋतु (ब) वर्षा ऋतु (स) बसंत ऋतु (द) हेमन्त ऋतु

(3) रानी ~~सत्रि~~ नागफनी की कहानी रचना है ।

CGboardonline.com

(अ) हरिशंकर परसाई (ब) शरद जोशी

(स) शेख मुहम्मद (द) वियोगी हरि

(4) मृणशिल्प कला को शिखर तक पहुंचाया

(अ) बिलासपुर जिला (ब) बस्तर जिला

(स) अम्बिकापुर (द) कोरिया

(5) शहीद वीर नारायण सिंह जमींदार थे ।

(अ) कोमाखान (ब) सोनाखान

(स) माटीखान (द) राजिम

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । CGboardonline.com

(1) भारतीय संविधान ----------- को लागू हुआ ।

(2) ~~परिमल सम्मान ----------- को मिला~~ ।

(3) एकाकी जीवन की व्यथा को --------- नामक कविता में चित्रित किया है।

(4) घुघुवा शब्द का अर्थ ----------- है।

~~(5) हिटलर को लेखक ने -----------~~ की संज्ञा दी है ।

(स) उचित संबंध जोड़िए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | निर्झर | - | छंद |
| (2) | मीरा की भाषा | - | नौटियाल |
| (3) | बरवै | - | पद्य |
| (4) | माटीवानी | - | झरना |
| (5) | साध | - | ब्रज व मेवाड़ी |

CGboardonline.com

प्रश्न 2. बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है ?

प्रश्न 3. जब जनता की भौंहे तन जाती है तो क्या-क्या होता है ?

प्रश्न 4. लड़की को दान देते वक्त मां को अंतिम पूंजी देने जैसा दु:ख क्यों हो रहा है ?

प्रश्न 5. तुरतुरिया नामक स्थान क्यों प्रसिद्ध है?

प्रश्न 6. भक्तिकाल के किन्हीं दो कवियों के नाम एवं उनकी एक-एक रचनाओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 7. (अ) पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(1) आँख (2) कमल

(ब) मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

अपना उल्लू सीधा करना

CGboardonline.com

प्रश्न 8. आधुनिक काल की तीन प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 9. वीर नारायण सिंह को अपने पूर्वजों से कौन-कौन से गुण प्राप्त हुए।

प्रश्न 10. रामरतन धन को जनम जनम की पूंजी कहने का आशय क्या है ?

प्रश्न 11. भगवत शरण उपाध्याय अथवा सुभद्रा कुमारी चौहान का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।

(अ) रचनाएँ (कोई दो)

(ब) भाषा-शैली/भावपक्ष-कला पक्ष की तीन-तीन विशेषताएं

प्रश्न 12. निम्नलिखित मेंसे किसी एक की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

"अमरकंटक नर्मदा का यह क्षेत्र देवों और मनुजो, मिथको और लोककथाओ, ऋपियों और वर्तमान के रचनाकारों को अपने संदर्भों में समाये हुए हैं। कालिदास ने इसे आम्रकुट कहा है। किसी समय में यह समूचा पर्वत आम्र तरुओ से आच्छादित रहा होगा। इस समय तो आम के पेड़ यहां विरले ही है।

अथवा

CGboardonline.com

कंधे डाल दूं तो गजब हो जाए, दुनिया लड़खड़ाकर गिर पड़े, जमाने का दौर बंद हो जाए। पर मैं कंधे नहीं डालता, न डालूंगा। मैंने निरंतर निर्माण किया है, विध्वंस न करुंगा। यदि करना हुआ तो पुननिर्माण करुंगा जिसके लिए मुझे थकान नहीं महसूस होती, कभी अलकस नहीं लगती, रोआँ-रोआँ फड़कता रहता है।

प्रश्न 13. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या विशेष सहित कीजिए।

"निर्झर कहता है बढ़े चलो, तुम पीछे मत देखो मुड़कर
यौवन कहता है बढ़े चलो, सोचो मत क्या होगा चलकर
चलना है केवल चलना है ,जीवन चलता ही रहता है
मर जाना है रुक जाना ही ,निर्झर यह झरकर कहता है।"

CGboardonline.com

अथवा

दादू घटि कस्तुरी मृग के, भरमत फिरे उदास
अंतर गति जाणे नही, ताथैं सूंघे घास।
दादू सब घट में गोविन्द है, संग रहै हरिपास।
कस्तुरि मृग में बसै, सूंघत डोले घांस॥

प्रश्न 14. सबका दुःख अलग-अलग होता है, किस-किस तरह के दुःख के अनुभव आपने किये हैं, उन्हें लिखिए।

अथवा

राणा ने मीराबाई को विष का प्याला क्यों भेजा होगा। मीरा बाई उस विष को पीते हुए क्यों हंसी ? अपने विचार लिखिये।

प्रश्न 15. मेहनतकश को दुनिया क्यों पसंद करती है ?

अथवा CGboardonline.com

मरिया कहानी का उद्देश्य क्या है ?

प्रश्न 16. डाक वितरण की अनियमितता के कारण आपको जो हानि हुई उसके संबंध में अधीक्षक डाकतार विभाग को शिकायती पत्र लिखिये।

अथवा

आप रमेश देवांगन है। अपने छोटे भाई प्रवीण को कुसंगति की हानियां बताते हुए पत्र लिखिए। CGboardonline.com

प्रश्न 17. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों क उत्तर लिखिए।

"स्पष्टता, आत्म-विश्वास, विषय की अच्छी पकड़ और प्रभावशाली भाषा में अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करना ही संप्रेषण कला है जो निरंतर अभ्यास से निखारी जा सकती है। एक दिन में कोई अच्छा वक्ता नहीं बन सकता तथा भाषा पर अनायास ही किसी की पकड़ नहीं हो पाती। इसी अभ्यास के बल पर स्वामी विवेकानंद ने जिस संप्रेषण कला का विकास किया था, उसने विश्वधर्म सम्मेलन में लाखों अमेरिका निवासियों को चकित और मोहित कर दिया था। उनका यही गुण आज के युवाओं के लिये आदर्श है। और इसी गुण के बल पर वे साक्षात्कार एवं अन्य परीक्षाओं में

PTO

 CGboardonline.com

CGboardonline.com

उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

यदि आप अपने संप्रेषण में थोड़ा हास्य व्यंग्य भी शामिल कर ले, तो उससे आपको विशेष लाभ होगा और आपकी संप्रेषण कला और अधिक प्रभावशाली और धारदार हो जायेगी। लोगों पर आपकी भावनाओं और विचारों का स्थायी प्रभाव पड़ेगा।

प्रश्न 1. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।

2. संप्रेषण कला क्या है ?

3. संप्रेषण कला का विकास किससे होता है।

4. संप्रेषण कला में किससे लाभ पहुंचता है।

5. आज के युवाओं का आदर्श कौन है ?

6. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश एक तिहाई शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 18. निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(1) विज्ञान के बढ़ते चरण CGboardonline.com

(2) साहित्य और समाज

(3) जीवन में खेलों का महत्व

(4) स्वच्छ भारत अभियान

---00--

CGboardonline.com